




# अवैध कारोबारियों पर पुलिस की कार्रवाई

## मैहर के कई इलाकों में अभियान जारी

नवभारत न्यूज

**मैहर 8 जून, जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सोमवार को व्यापक अभियान चलाते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। पुलिस की टीमों ने मैहर बस स्टैंड, ब्लॉक ऑफिस के सामने सहित कई प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर जांच और कार्रवाई की.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा अवैध कारोबार, संदिग्ध गतिविधियों और बिना अनुमति संचालित किए जा रहे कार्यों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर



जांच-पड़ताल की गई, वहीं कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई है।पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। कई स्थानों पर पुलिस बल की मौजूदगी के चलते लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे दिन कार्रवाई की चर्चा होती रही।

सूत्रों के मुताबिक अभियान अभी जारी है और पुलिस शहर के अन्य इलाकों में भी जांच कर रही है। हालांकि फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से जब्त सामग्री, गिरफ्तारियों या दर्ज किए गए मामलों की आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अभियान से जुड़े विस्तृत विवरण और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई मैहर बस स्टैंड, ब्लॉक कार्यालय क्षेत्र और अन्य चिन्हित स्थानों पर लगातार जारी है, जिससे अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में बेचैनी देखी जा रही है।

# चोरी से सरकारी क्वार्टर में जल रही थी बिजली

## विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण हुआ दर्ज

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 8 जून, मैहर संभाग के कार्यपालन अभियंता ओमेंद्र सिंह के नेतृत्व में बिजली चोरी रोकथाम के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत तहसील कालोनी में निवासरत एवं जनपद कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा चोरी से बिजली जलाई जा रही थी जिसका कनिष्ठ यंत्री की जांच में खुलासा हुआ.**

मौके पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत तीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिसमें पटवारी हल्का बन्दरहा रामकुमार कोल , तहसील कार्यालय सहायक रामनाथ वर्मा पिता कल्लू वर्मा एवं शिखा शर्मा पति राजेंद्र शर्मा के आवासीय परिसर में



बिजली के वैध कनेक्शन नहीं पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध करते उन्हें जांच टीम द्वारा पहले वैधानिक नोटिस जारी कर निकाली गई क्षतिपूर्ति जमा न कर पाने की स्थित में विद्युत न्यायालय नागौद में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यवाही में कनिष्ठ अभियंता अनुराग पाण्डेय के साथ लाइनमैन प्रमोद चर्मकार , सुशील कुशवाहा, सुनील केवट, उमेश कुशवाहा आदि का विशेष योगदान रहा हासिल जानकारी अनुसार इस कार्यवाही में करीब 58 हजार 481 रुपये की क्षतिपूर्ति निकाली गई ।

# नियमों को धता बताकर हाई -वे के किनारे चल रही है रामपुर बाघेलान की शराब दुकान

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 8 जून, आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस के संरक्षण में शराब ठेकेदार जमकर मनमानी कर रहे हैं। जबकि रीवा आईजी गौरव राजपूत काफी समय से नशा के खिलाफ पूरे संभाग में अभियान छेडे हुए है.**

उदाहरण के रूप में रामपुर बाघेलान नगर की सरकारी शराब दुकान को देखा जा सकता है ठेकेदार पिंटू सिंह एक दुकान राष्ट्रीय राज मार्ग में स्थित है जबकि नियमों के अनुसार शराब दुकान राष्ट्रीय राज मार्ग से 200 मीटर दूर होनी चाहिए लेकिन रामपुर बाघेलान की दुकान राष्ट्रीय राज




मार्ग के ठीक किनारे खुली है। सवाल यह कि इसका शराब दुकान की चौहद्दी बनाकर ही नियमों के अनुसार होने पर ठेकेदार को दुकान खोलने की अनुमति देता है लेकिन रामपुर बाघेलान की इस दुकान को किस आधार पर अनुमति दी गई जांच का विषय है। यही नहीं इस शराब दुकान से जमकर पैकारी कर गांव गांव अवैध रूप शराब बिक्री कराई जाती है साथ दुकान में ओवर रेटिंग होती है। दुकान में रेट लिस्ट भी नहीं लगाई गई।

# सोहास में बंटवारे के विवाद में चली कुल्हाड़ी

## घायल को 112 कोटर पुलिस वाहन से सतना हॉस्पिटल में भर्ती कराया

नवभारत न्यूज

**कोटर 8 जून,समीपी ग्राम सोहास में बंटवारे के विवाद में भाइयों के बीच कुल्हाड़ी चल गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हैं घायल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

बताया जाता है कि सरपंच विपिन साहू, और ग्रामीण संजय शुक्ला की उपस्थिति में बंटवारे के लिए नापजोख करते समय नाप में गड़बड़ी होने पर फरियादी छोटेलाल मल्लाह ने आपत्ति की तो अनावेदक भाई भड़क गए और गाली गलौज पर आमादा हो गए और देखते ही देखते आपा खो बैठे और सत्यनारायण मल्लाह और



उसका लडका जोगेंद्र मल्लाह ने कुल्हाड़ी और लाठी पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे फरियादी छोटेलाल मल्लाह के लड़के मनोज मल्लाह के सिर पर कुल्हाड़ी लगी।जिससे मनोज मल्लाह लहूलुहान अवस्था में अचेत होकर धरती में गिर गया।फरियादी की जुबानी जगन्नाथ मल्लाह और उसका लडका दिनेश मल्लाह ने सत्यनारायण उर्फ साधु को गुंडा गर्दी के लिए बुलवाया था और इशारे ही इशारे में मारपीट करवाया। आगे बताया कि अनावेदक हमलावरों ने जाते जाते धमकी दी है कि अबकी बार तो बच गया है लेकिन अगली बार परिवार सहित खत्म कर दूंगा।




# भंडारन के बाद भी नहीं हुआ खाद का वितरण

नवभारत न्यूज

**कोटर 8 जून, सेवा सहकारी समिति कोटर में लंबे समय से खाद का भंडारण होने के बाद भी वितरण ना करने से नाराज किसानों ने आज जमकर हंगामा होने के बाद खाद का वितरण शुरू किया।**

किसानों का आरोप मार्च के महीने से कोटर समिति में खाद्य का भंडारण होने के बाद भी खाद नहीं बांटी गई । सेवा सहकारी समिति कोटर के भवन में किसानों की सुविधा के लिए लगाए गए सूचना पटल पर पर्दा , वर्षो पहले ट्रांसफर में जा चुके एवं मृतक कर्मचारियों के लिखे है अभी भी नाम , जिला सहकारी समिति के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही एवं मानीटरिंग पर सवाल उठ रहे हैं।



# रामनगर जनपद पंचायत में हुआ वृक्षारोपण

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

नवभारत न्यूज

**रामनगर 8 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में संचालित "एक पेड़ मां के नाम卐 अभियान के तहत जनपद पंचायत रामनगर परिसर में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का नेतृत्व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती दीक्षित ने किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मुन्नी बाई साकेत उपाध्यक्ष इंजीनियर प्रियंका पटेल एई भूपेंद्र सिंह, उपयंत्री अनिल पांडे, जनपद सदस्य साधना सिंह, राजा राम चंदेल, एपीओ अजय सिंह, प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी अशोक शर्मा, समग्र अधिकारी रचना वर्मा महेंद्र गौतम,अखिलेश गौतम प्रभारी विकाश खंड प्रबंधन सहित सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल, जनपद सदस्य श्रीमती रेखा कोल, चरण प्रसाद कोल, प्रदीप कुमार गौतम, श्रीमती गायत्री शुक्ला, चन्द्रभान सिंह, उदय सिंह चंदेल, श्रीमती फुल्ली कोल, श्रीमती सोनू कुशवाहा, श्रीमती भारती सिंह, राजेन्द्र सिंह, पुरुषोत्तम कुशवाहा तथा पूर्व जनपद सदस्य मिथलेश सिंह डब्बू गौतम बाबा विश्वनाथ पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क में कीचड़ होने से बरसात के 4 महीने बंद रहता है आदिवासी बस्ती का आवागमन

नवभारत न्यूज

**नागौद 8 जून, गांव छुलहा टोला ग्राम पंचायत गिन्जारा , तहसील नागौद, विधानसभा क्षेत्र रैगांव लोकसभा सतना में आने वाला एक छोटा सा गांव है जो मुख्य मुख्य मार्ग से मात्र 900 मीटर कच्चा मार्ग है ।जहां हल्की बारिश में ही कीचड़ होने से आवागमन बंद हो जाता है।**

छात्र जीतेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि अभी बरसात चालू नहीं हुई, एक दिन की हल्की बारिश से गांव की हालत इतनी खराब हो गई कि ग्रामीणों का आना जाना बंद हो गया। बरसात आएगी और हमारा गांव तीन से चार महीने के लिए पूरी तरह बंद हो जाएगा ना ही कोई बुजुर्ग



महिला बच्चे या बीमार इंसान कोई इस सड़क की दिक्कत के कारण बाहर नहीं आ पाएगा।

छात्र ने कलेक्टर सतना से सवाल किया है कि क्या आप नहीं चाहते कि हमारे गांव के बच्चे पढ़ लिखकर आगे जाएं इन्हीं बच्चों के लिए आप हमारे गांव की सड़क आप बनवा दीजिए। क्योंकि बच्चे भीषण समस्या से गुजर रहे हैं कि आप एक बार आकर देखिए उन बच्चों से पूछिए की दर्द कितना बड़ा है । बच्चों को मजबूरी होती है कि स्कूल जाना है ,किसी का पेपर है , किसी बच्चे को अस्पताल पर ले जाना है तो उसे बहुत परेशानी इसी सड़क कीचड़ गढ्डे भरे रास्ते पर गिरते हुए लोग पहुंच पाते हैं। अगर किसी मरीज को अस्पताल तक ले जाना हो सोचिए इस कीचड़ भरे रास्ते से तो खटिया पर लाद कर ले जाना पड़ता है क्योंकि यहां हमारे गांव तक एंबुलेंस पहुंच ही नहीं पाती ।

बरसात के महीनों में अगर इसी रास्ते पर जाने से किसी की मृत्यु या किसी को चोट आ गई तो इसके क्या आप जिम्मेदार होंगे ..? कलेक्टर साहब हमारी आशा सिर्फ अब आपसे ही है कलेक्टर साहब आप पढ़े-लिखे अधिकारी हैं हमें लगता है कि आप हमारा दर्द देखेंगे ! शायद हमारे गांव का भला हो सके आपके द्वारा। इसके लिए हमने कई बार आवेदन दिया पर हमें सिर्फ एक जवाब मिला आपका काम करवा दिया जाएगा जल्दी होगा। मैं खुद अपने क्षेत्र के विधायिका साहब और सांसद जी के पास जाकर कितनी बार आवेदन दिया पर शायद हम गिनती भी भूल चुके लेकिन आज भी उनके लिए हमारे गांव का दर्द कोई बड़ा नहीं दिख रहा है।

पता है सबसे बड़ी खास बात क्या होती है जब मैं गांव जाता हूं ना तो वहां एक परेशानी से भरा लाचार परिवार और दर्द से गुजर रहे मासूम बच्चे जो की स्कूल जाने के लिए तरस रहे हाथ जोड़ रहे हैं और मेरे से पूछ रहे हैं अपने गांव की सड़क सड़क कब तक बन जाएगी भैया। सोचिए वह दर्द इतना बड़ा बन चुका है कि हमारे गांव का हर बच्चा हर बुजुर्ग हर महिला और हर भाई और हर बहन बस हाथ जोड़कर यही आशा पर हैं कि हमारे गांव की सड़क कब बनेगी और हमारे गांव पर कलेक्टर सर की दया कब पड़ेगी।

# सरपंच सरबका निजी आराजी से निकाल रहा सड़क वा नाली

▶ विरोध करने पर दे रहें जान से मारने की धमकी

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 8 जून,** जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरबका सरपंच के मनमानी पूर्ण कार्य कराये जानें को लेकर राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा गत दिवस जिला कलेक्टर मैहर को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि सरपंच माया त्रिपाठी पत्नी विपिन त्रिपाठी द्वारा मेरे निजी आराजी नं 303/1..303/3 .302/1.एंव 302/3 जो कि मेरे पूर्वजों के द्वारा बनाई गई थी जिस पर उक्त जमीन पर मेरे पूर्वजों वा मेरा कब्जा दखल चला आ रहा है लेकिन सरपंच द्वारा मुझसे व्यक्तिगत



रंजीशन रखते हुये मेरी निजी आराजी पर जबरन सड़क वा नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है मना करने पर गाली गलौज वा मारपीट करने पर उतारू हों जाते हैं।जिला कलेक्टर को दिये आवेदन पत्र में पीड़ित ने कहां है कि नाली वा सड़क के निर्माण हों जानें से मेरी जमीन खंडित हो जायेगी वा नक्शा बदल जायेगा मेरे द्वारा मना करने वा शिकायत करने की बात पर अपने रसूख का हवाला देते हुये परिवार सहित जान से खत्म करने के साथ ही मेरे निवासरत माकान को जेसीबी से गिराने की धमकी दी जाती प्रार्थी बीमार रहता है सरपंच की धमकी के चलते डरा सहमा हुआ है अत: उक्त जमीन का पहले सीमांकन करा लिया जाय उसके बाद ही नाली वा सड़क का निर्माण कराया जाय।

# कबीर आश्रम धनेह में बावड़ी का पूजन, हुई कीर्तन

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 8 जून, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम धनेह स्थित कबीर आश्रम की प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई कर विधिवत पूजन किया गया।**

इस अवसर पर जल चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन सुंदरकांड पाठ एवं कीर्तन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था सर्जना पिथौराबाद, वसुंधरा जन सेवा समिति मैनहा एवं काकी फाउंडेशन लोहरौरा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।




परामर्शदाता सतवंत सिंह ने अभियान की जानकारी देते हुए जल स्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता बताई। सर्जना पिथौराबाद के अध्यक्ष सुरेश दाहिया ने कहा कि प्रदेशभर में तालाब, नदी एवं पोखरों की सफाई के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। जल चौपाल में काकी फाउंडेशन के वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं वसुंधरा जन सेवा समिति के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रकाश ने जल संरक्षण के साथ अधिकाधिक पौधारोपण पर जोर दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश त्रिपाठी, हनुमान सिसोदिया, पुष्पांजलि सिंह, इंद्रपाल सिंह, रामकृष्ण बागरी, पूजा बर्मन, असलेंद्र रजक, रवेंद्र चौधरी, योगेश्वर प्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, शिवकोमल कुशवाहा, मंजू सेन, रानी सेन एवं चंद्रिका पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गिरते पड़ते आराध्य तक पहुंचते हैं ग्रामीण

## दशकों से नहीं बन पाई मटदर की सड़क

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 8 जून । मटदर के भैरम बाबा की सड़क आज भी निर्माण की राह तक रही है । दर्जनों गाँव के लोगों के लिए भैरम बाबा आस्था के केंद्र हैं ।**

भादौ महीने में तो यहां लाखों भक्त पहुंचते हैं बावजूद इसके आज तक यहां सड़क नहीं बन पाई । बारिश के मौसम में गिरते पड़ते लोग अपने आराध्य तक पहुंचते हैं । बुंदेली सेना नें जिलाधिकारी से सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की है । बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि पाठा क्षेत्र की 6 ग्राम पंचायतों के दर्जनों गाँवों के लिए मटदर के भैरम बाबा आस्था के केंद्र हैं । इसके अलावा कर्वी माफी, सोनेपुर, सिद्धपुर,



बनाड़ी, बिनायकपुर, कोलगदहिया, शीतलपुर समेंत अन्य गाँवों के हजारों लोग प्रतिवर्ष यहां भण्डारा आदि करने पहुंचते हैं । जंगल के कच्चे और ऊबड़ खाबड़ रास्ते से होकर ग्रामीण मटदर पहुंचते हैं । पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृक्षारोपण की शुरुआत करने मटदर के नजदीक उतरे थे । सीएम के निर्देश के बाद तत्कालीन डीएम शुभ्रान्त शुक्ला मटदर मंदिर पहुंचे थे । उन्होंने जल्द सड़क निर्माण कराने का यहां ग्रामीणों को आश्वासन दिया था । लेकिन जल्द ही जिलाधिकारी का स्थानांतरण हो गया और सड़क का मामला ठंडे बस्ते में चला गया । दशकों से सड़क की मांग हो रही है लेकिन न किसी जनप्रतिनिधि नें रूचि दिखाई न किसी अधिकारी नें कोई पहल की । बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से वन क्षेत्र की इस सड़क के जल्द से जल्द निर्माण की मांग की है ।

# कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर चला सफाई अभियान

**चित्रकूट 8 जून,** धर्म नगरी चित्रकूट में रामायण दर्शन के समीप कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर व्यापक महासफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, नगर पालिका परिषद चित्रकूटके अधिकारी लाल जी के निर्देशन में नगर पालिका परिषद चित्रकूट तथा कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से नियमित रूप से स्वच्छता अभियानों में सहभागिता करने तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग देने की अपील की।

# पटना खुर्द में पानी की भीषण समस्या

▶ 700 की आवादी में केवल एक हैंडपंप

नवभारत न्यूज

**मझगवां 8 जून, जनपद पंचायत मझगवां ग्राम पंचायत पटना खुर्द के पटनी आदिवासी बस्ती में इस समय पानी की भीषण समस्या है। ग्रामीण और आदिवासी पानी के लिए दर दर भटक रहे हैं।**

सरपंच सचिव की मनमानी पूरी बस्ती में एक ही हैंड पंप चालू हालत में है जो ग्रामीणों की प्यास बुझा रहा है घंटों इंतजार के बाद लोग लाइन लगा पानी लेते हैं कभी तो लाइन लगाने के बाद भी पानी नहीं मिलता । हैंड पंप में छोटे-





छोटे बच्चे इंतजार कर रहे हैं पानी का ? राजेश के घर के पास एक हैंडपंप पूरे बस्ती में है. भोले के घर के पास एक बर है वह भी खराब पड़ा हुआ है कई महीनो से उसका कोई नहीं है देख नहीं सुनने वाला करीब 700 वोटर है एक हैंडपंप . कहने के लिए ग्राम पंचायत पटना खुर्द में बोर है लेकिन बोर महीनों से खराब है। पानी की बड़ी समस्या कई महीनो से है पर बोल नहीं बना।